ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BANGALORE-27

III - SEMESTER (B.sc)

Mid Semester Test, August - 2019

Hindi – HNS 318

Time- 1hr. **Max Marks-30**

प्रश्न-1. एक शब्द में उत्तर लिखिए। 5x1=5

1) बचपन में अब्दुल कलाम ने .... विश्वयुद्ध का प्रभाव झेला।
2) सेंट जोसफ में .... की पढ़ाई के लिए कलाम ने त्रिची में दाखिला लिया।
3) इंजीनियरिंग के लिए कलाम ने .... में दाखिला लिया।
4) वायु सेना चयन बोर्ड में इंटरव्यू देने कलाम .... गए।
5) .... जो उस समय रक्षा मंत्री थे कलाम की परियोजना में काफी दिलचस्पी दिखाते थे।

प्रश्न-2. निम्नलिखित किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए। 1x15=15

1) कलाम के बचपन और शिक्षा पर प्रकाश डालिए।
2) कलाम के जीवन पर किन-किन शिक्षकों का गहरा प्रभाव पड़ा।
3) सर्वेक्षण का सारांश लिखिए।

प्रश्न-3. निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षेपन करते हुए उसे उचित शीर्षक दीजिए। 1x10=10

औद्योगीकरन की कोई भी योजना तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक कि हम उसमें कुटीर उद्योगों को महत्वपूर्ण स्थान न दे। कारण स्पष्ट है। हमारी नागरिक अर्थव्यवस्था में ग्रामीण अर्थव्यवस्था अधिक महत्व रखती है। जब तक हम अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने का प्रयत्न नहीं करते, तब तक राष्ट्र निर्माण के हमारे सारे कार्य अधूरे रहेंगे। गांव में शहरों के समान बड़े उद्योगों के पनपने की सुविधाएं नहीं हैं। न वहाँ यातायात और परिवहन के साधनों की, न शक्ति के साधनों की सुविधाएं हैं और न उपयुक्त मात्रा में पूंजी का ही संगठन संभव है।

(PTO)

गांव के वर्तमान वातावरण में कुटीर उद्योगों के ही समृद्ध होने की संभावना है। यह उद्योग स्थानीय कच्चे माल,पूँजी, श्रम आदि के द्वारा स्थापित होकर स्थानीय बाजार के सहारे फलते-फूलते हैं और स्थानीय माँग की पूर्ति की क्षमा रखते हैं। ग्रामीण जनता के उपभोग के लिए साधारणतः कला-कौशल्यपूर्ण आकर्षक वस्तुओं की आवश्यकता होती है। वृहतकाय व्यवसाय सस्ते मूल्य पर माल अवश्य बनाते हैं किंतु ढुलाई और मध्य जनों के व्यय के कारण इन वस्तुओं का मूल्य ग्रामीण उपभोक्ता तक पहुंचने में स्थानीय कुटीर उद्योगों के बने हुए माल की अपेक्षा अधिक ऊंचा बढ़ जाता है। ग्रामीण जनता के उपयोग के लिए कुटीर-उद्योग ही उपयुक्त माल उचित मूल्य पर दे सकते हैं।

-0-0-0-0-0-0-